aglasem.com

FOR UP CLASS 11 PREPARATION

UP Board Class 11 Syllabus 2027 Trade 6 Textile Design

EXAM	YEAR	TYPE
UP Class 11	2027	Syllabus

शैक्षिक सत्र–2026–27
कक्षा–11
(6) ट्रेड––टेक्सटाइल डिजाइन

उद्देश्य––

(1) विद्यार्थियों को टेक्सटाइल डिजाइन से सम्बन्धित रोजगार की जानकारी देना।
(2) विद्यार्थियों को बुनने, रंगने और छापने की विधियों व तरीकों से अवगत कराना।
(3) शासकीय और अशासकीय टेक्सटाइल डिजाइन उद्योग से सम्बन्धित पदों हेतु कुशल कर्मकारों का निर्माण करना।
(4) इस उद्योग के द्वारा विद्यार्थियों को खेल–खेल में कार्य सिखाना एवं कार्य के प्रति एकाग्रता उत्पन्न करना।
(5) व्यावसायिक कोर्स पूरा करने के बाद विद्यार्थी इस योग्य हो जायें कि वह स्वतः रोजगार स्थापित कर सकें।
(6) विद्यार्थियों का विषय क्षेत्र में इस योग्य बनाना कि उसमें अपने ज्ञान, कौशल, अनुभव के आधार पर किसी विषय या विभिन्न रोजगारों को स्वतः संचालित करने की क्षमता का विकास हो सके।

रोजगार के अवसर––

(1) टेक्सटाइल डिजाइन की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् छात्र कताई–बुनाई, रंगाई व छपाई से सम्बन्धित लघु उद्योग धन्धें भी स्थापित कर सकता है।
(2) स्वतः उत्पादित वस्तुओं की पूर्ति कर सकता है।
(3) इस लघु उद्योग के द्वारा बेरोजगार लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकता है।
(4) व्यावसायिक शिक्षा हेतु प्रशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धि हो सकती है।
(5) उपभोक्ता की रुचि के अनुसार नये डिजाइन तैयार कर सकता है।

पाठ्यक्रम––

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा :

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक––				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक––		400	200	

नोट––परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

पाठ्यक्रम
प्रथम प्रश्न–पत्र
(गृह विज्ञान का सामान्य ज्ञान)

(1) व्यावसायिक शिक्षा का अर्थ एवं उद्देश्य–– 20
(2) व्यावसायिक शिक्षा की आवश्यकता एवं लाभ–– 20
––विकासशील भारत की आवश्यकतायें, आकांक्षायें और अपेक्षाओं के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था में व्यावसायिक शिक्षा का स्थान। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा का महत्व।
––व्यावसायिक शिक्षा से छात्र, समाज एवं देश को लाभ।
––समाज के गुणात्मक सुधार को सुनिश्चित करने हेतु पुरुष और स्त्री दोनों समान भागीदारी के निर्णय लेने और स्त्रियों की शिक्षा और आर्थिक स्वतन्त्रता के अवसर। रोजगार ढूंढने वाले और रोजगार के अवसरों के बीच असन्तुलन उत्पन्न करती जनसंख्या वृद्धि का ज्ञान।
––मूल मानव मूल्य के साथ–साथ परिवार की खुशी और समाज कल्याण हेतु भविष्य के लिए मौलिक और भावात्मक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना।
(3) व्यावसायिक शिक्षा को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य का महत्व–– 20
––घर तथा पास–पड़ोस की सफाई।

––घर के विभिन्न कक्ष तथा उसमें रखे वस्तुओं की सफाई, रख–रखाव एवं व्यवस्था।
––समय, श्रम व पैसे के बचाव हेतु उपकरणों का साधारण ज्ञान।
––प्रदूषण के प्रकार, कारण/प्रदूषण से हानि और अपने स्तर पर प्रदूषण होने से रोकने के उपाय।
––पर्यावरण के स्वच्छ न होने वाली बीमारियों का ज्ञान, कारण एवं बचने के उपाय।
––बीमारियों या दुर्घटना के समय देने वाले प्राथमिक उपचार का साधारण–ज्ञान।

(द्वितीय प्रश्न–पत्र)
(टेक्सटाइल डिजाइन)
(प्रारम्भिक डिजाइन)

(1) डिजाइन के सिद्धान्त। 10
(2) रंगों का अध्ययन। 10
(3) डिजाइन की उत्पत्ति एवं विकास। 10
(4) डिजाइन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि। 10
(5) धंडक का डिजाइनों में स्थान। 10
(6) लाइन डाटेक ज्यामितीय आकारों का स्वरूप। 10

तृतीय प्रश्न–पत्र
(वस्त्रों के रेशे व कपड़ा निर्माण)

(1) रेशे का वर्गीकरण एवं परीक्षण––सब्जियों से प्राप्त होने वाले रेशे, पशुओं द्वारा प्राप्त होने वाले रेशे, खनिज 10
से प्राप्त रेशे, मनुष्य निर्मित रेशे।
(2) धागों रेशे––विस्कल,एसीटेट, रेयान, नाइलान का वर्गीकरण––साधारण प्लाई। 10
(3) वस्त्रों से सम्बन्धित रेशे और कपड़ों का अध्ययन। 10
(4) प्रारम्भिक बुनाई, प्लेन, ट्वील, साटन, डायमण्ड, हनी काम्ब कारपेट इत्यादि। 10
(5) लूम का परिचय। 10
(6) कपड़े को फिनिश करने की विधि––साइजिंग, स्ट्रेचिंग, ब्लीचिंग, चरखे का प्रयोग। 10

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(टेक्सटाइल क्राफ्ट)

(1) शिल्प का अर्थ एवं अध्ययन। 06
(2) शिल्प और कला में भिन्नता। 06
(3) टेक्सटाइल क्राफ्ट का कला से सम्बन्ध। 06
(4) टेक्सटाइल क्राफ्ट की उपयोगिता एवं महत्व। 06
(5) विभिन्न प्रिंटिंग के उपकरण––आलू के ठप्पे, स्टेन्सिल, हैण्ड पेन्टिंग, लकड़ी के ठप्पे, स्क्रीन, ब्रश पेन्सिल 20
फ्रेम, टेबुल, स्केल, स्पंज, सहयोगी मेज, एक्सवीजी।
(6) छपाई की सावधानियां। 06
(7) छपाई या बुनाई के बाकी कपड़े फिनिशिंग। 10

पंचम प्रश्न–पत्र
(वस्त्र निर्माण इकाई का प्रबन्ध––नौकरी प्रशिक्षण)

(1) टेक्सटाइल इण्डस्ट्री––प्रकार, आकार। 15
(2) एक फैक्ट्री या लघु बुनाई प्रिन्टिंग, स्पीनिंग ड्राई के लिये एक माडल प्लान बनाइये तथा स्थान, मजदूरी, 15
उपकरण आदि सामग्री, बजट के बारे में विस्तृत वर्णन।
(3) मार्केटिंग मैनेजमेन्ट। 10
(4) उपकरण की साधारण देख–भाल और मरम्मत का ज्ञान। 10
(5) सेम्पिल पोर्ट फोलियो की आवश्यकता, विभिन्न प्रकार के पोर्ट फोलियो। 10

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम
(प्रयोगात्मक क्रिया–कलाप)

(क)

धागों से साधारण सूती बुनाई–सिल्क, ऊनी, बुनाई, धागों की मजबूती (ट्वीस्ट ऐंठन की जांच)।

(1) 30 से0मी0×30 से0मी0 दफ्ती पर सभी प्रारम्भिक बुनाई, किन्ही दो विरोधी रंग से ऊन के बुनकर तैयार करना।

(2) सभी साधारण रंगों के कपड़े पर रंग कर नमूना तैयार करना।

(3) 30 से0मी0×30 से0मी0 के नमूने का अभ्यास वंघेज हाथ से छपाई (पेन्टिंग), ब्लाक छपाई, वारिक।

(4) विभिन्न कपड़ों की फिनीशिंग––कलफ लगाना, प्रेस करना, तह लगाना, बांधनी–तीन तरह की गाठों का संयोजन, तीन रंगों का उपयोग कपड़ा सूती (मारकीन)।

विषय––ज्यामितीय डिजाइन टेबल मेट्स के लिये।

(ख)

(1) पदार्थ चित्रण––प्रारम्भिक आकार, पारदर्शी और अपारदर्शी बर्तन, ठोस बर्तन, स्थिर वस्तुओं का चित्रण।
माध्यम––पेन्सिल, ब्रस, पोस्टर रंग।
माध्यम––जल, रंग, पेन्सिल, काली स्याही।

(2) प्राकृतिक चित्रण––फूल–पत्तियां–पेड़, दृश्य चिड़ियां, जानवर, सूखी टहनियां, मेवे, दालें मछलियां।
माध्यम––जल, रंग, पेन्सिल, काली स्याही।

(3) स्केचिंग––रेखाचित्र, वाह्य चित्रण।

(4) डिजाइन––ज्यामितीय, प्लेसमेन्ट, पेजिली, ओजी, सेन्टर लाइन, लोक कला।

(5) टेक्सचर––धागा, स्टेन्सिल, स्याही, मार्बल।

(6) रंग योजना––रंग चक्र, एक रंगीय समदर्शी विपरीत खण्डित, विपरीत त्रिकोणीय, चौरंगी, कलर दृश्य टिष्ट और शेड, न्यूटल रंग, एकोमेटिक।

(ग)

(1) कपड़े की छपाई रंगाई से पहले कपड़े की तैयारी––स्कोरिंग–भिगोना, उबालना, (ऊनी, सिल्क और सूती)

(2) विभिन्न विधियों द्वारा बांधनी बनाना––गांठ द्वारा, सिलाई द्वारा, तह द्वारा, दाल, चावल, मारबल इत्यादि।

(3) लीनो पर डिजाइन बनाकर उपकरण से काटना।

(4) पेपर कट स्क्रीन द्वारा स्क्रीन प्रिन्टिंग।

(5) वाटिक प्रिन्टिंग––बाल हैंगिंग।

(6) हैण्ड पेन्टिंग में (दुपट्टा, स्कार्फ)।

(घ)

(1) टेक्सटाइल इण्डस्ट्री छोटी–बड़ी बुनाई, ड्राइंग, प्रिन्टिंग, स्पिनिंग, उद्योग स्थानों का भ्रमण।

नोट–(1) प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है।
(2) प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु 10 घंटे का समय निर्धारित है।

प्रयोगात्मक परीक्षा की रूप–रेखा

1––

परीक्षार्थियों को चार प्रयोग दिये जायेगें––
(क) प्रारम्भिक डिजाइन (बड़ा प्रयोग)।
(ख) टेक्सटाइल क्राफ्ट (बड़ा प्रयोग)।
(ग) वस्त्रों के रेशे व कपड़ों का निर्माण।
(घ) वस्त्र निर्माण, इकाई का प्रबन्ध (छोटा प्रयोग)।

2––

(क) सत्रीय कार्य,
(ख) कार्य स्थल पर प्रशिक्षण।

संस्तुत पुस्तकें––

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम एवं पता	मूल्य
1	2	3	4	5
				रुपया
1	वस्त्र विज्ञान के मूल सिद्धान्त	जे0 पी0 शेरी	विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा	20.00
2	वस्त्र विज्ञान एवं परिधान (तृतीय संस्करण)	प्रो0 प्रमिला वर्मा	युनिवर्सल बुक डिपो, लखनऊ	20.00
3	हाउस होल्ड टैक्सटाइल	दुर्गादत्त	बुक कम्पनी, नई दिल्ली	75.00
4	भारतीय कसीदाकारी	श्रीमती शिन्दे एवं कु0	प्रकाशन निदेशालय, गोविन्द	27.00

		पंडित	वल्लभ पंत, कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, नैनीताल	
5	Textile care and design Examlar Instructional material for Classes XI and XII.	N.C.E.R.T. New Delhi	N.C.E.R.T	4-85

उपचारात्मक शिक्षण हेतु चार यूनिट टेस्ट निम्नलिखित है–

(i) प्रथम यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित) जुलाई द्वितीय सप्ताह 20 अंक
(10 अंक ग्रीष्मावकाश गृहकार्य + 10 अंक यूनिट टेस्ट)

(ii) द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) अगस्त अन्तिम सप्ताह 20 अंक

(iii) तृतीय यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित) नवम्बर अन्तिम सप्ताह 20 अंक

(iv) चतुर्थ यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) दिसम्बर अन्तिम सप्ताह 20 अंक

नोट– उपरोक्त यूनिट टेस्ट उपचारात्मक शिक्षण के अन्तर्गत विद्यालय स्तर पर लिये जायेंगे। इनके प्राप्तांक परीक्षफल में सम्मिलित नहीं किये जायेंगे।